प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्रीय वन पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह झारखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने आज बोकारो परिसदन में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिले में संचालित केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिशा निर्देश दिये गये हैं।

*******************

दिल्ली स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ के बाद झारखंड पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। इस सिलसिले में डीजीपी अनुराग गुप्ता आज शाम चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। इस बैठक में रेल एडीजी, सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, रांची, धनबाद, पलामू, बोकारो, गढ़वा, कोडरमा, रामगढ़, जमशेदपुर, चाईबासा जिले के एसएसपी और एसपी के अलावा धनबाद और जमशेदपुर के रेल एसपी भी शामिल होंगे।

*******************

जम्मू में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम अरदास में आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दौरान श्री सेठ ने शहीद के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पूरा देश शहीद परिवार के साथ खड़ा है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि कैप्टन की शहादत बेकार नहीं जायेगी।

*******************

गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने फिर एक बार राज्य सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो चुकी है। सरकार की नाक के नीचे आतंकवादी ट्रेनिंग ले रहे हैं। गोड्डा सांसद ने शिव बरात को लेकर प्रशासन को भी निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि शिव बारात में भी प्रशासन पैसा कमाने का मौका खोज रहा है। शिव बारात के बाद इन सबका सीएजी से ऑडिट कराया जायेगा।

*******************

दुमका के नकटी स्थित झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण कैंप में विभिन्न जिलों से आए 246 नव नामांकित प्रशिक्षु महिला गृह रक्षकों का 63 दिनों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। इस अवसर पर पारण परेड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा महानिदेशक सह महासमादेष्टा अनिल पलटा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संताल परगना प्रक्षेत्र के डीआइजी अंबर लकड़ा उपस्थिति थे। श्री पालटा ने गृह रक्षकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में उनकी सुविधाओं में विस्तार किया गया है।

*******************

आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के मामले में पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी। ईडी ने एक याचिका दायर कर अपील की है कि पूजा सिंघल को कोई भी महत्वपूर्ण पद न दिया जाए। गौरतलब है कि 28 महीनों तक जेल में बंद रही निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को पिछले वर्ष 7 दिसम्बर को पीएमएलए कोर्ट से जमानत मिल गई थी। इसके बाद जनवरी 2025 में राज्य सरकार ने उनका निलंबन वापस लेते हुए उन्हें कार्मिक विभाग में योगदान देने को कहा था।

*******************

सिमडेगा जिले की पंचायतों में ग्रामीण छात्र–छात्राओं के लिए पुस्तकालयों की व्यवस्था की जा रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2025–26 संकल्प से समृद्धि तक ले जाने वाला बजट है। यह बजट ज्ञान पर केंद्रित है। मेदिनीनगर में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के समावेशी विकास के साथ सबका साथ सबका विकास को प्रदर्शित करने वाला है ।

*********समाप्त*********